**विधान परिषद के तृतीय सत्र 2024 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री लाल बिहारी यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-9 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 9 (क) क्या जल शक्ति मंत्री बतायेंगे कि जनपद-खीरी के शारदा बैराज में बांध निर्माण के समय बैराज का जल स्तर कितना स्वीकृत हुआ था तथा इस वर्ष 2024 में बैराज का उच्चतम जल स्तर कितना बढ़ाया गया है ? | जनपद लखीमपुर खीरी में शारदा बैराज का निर्माण सन् 1974 में हुआ था। शारदा बैराज (बांध) के निर्माण के समय शारदा बैराज का अधिकतम जल स्तर 136.00 मी० स्वीकृत हुआ था। इस वर्ष 2024 में बैराज के पाण्ड लेवल को बढ़ाया नहीं गया है। |
| (ख) इस वर्ष जल भराव से शारदा बैराज के अप स्ट्रीम में कितनी ग्राम सभायें प्रभावित हुई हैं ? | शारदा बैराज के अपस्ट्रीम में दोनों अफलक्स बॉध के मध्य 49 ग्राम है।इस वर्ष बाढ़ के कारण 34 ग्राम प्रभावित हुए थे जिसमें 25 ग्राम में कृषि योग्य भूमि एवं आबादी दोनों, 07 ग्राम में कृषि योग्य भूमि, 01 ग्राम में केवल आबादी तथा 01 ग्राम कटान से प्रभावित हुआ है। |
| (ग) शारदा बैराज में कब से सिल्ट की सफाई नहीं हुई हैं ? | शारदा बैराज की सिल्ट सफाई का कोई प्राविधान नहीं है। |
| (घ) क्या उक्त शारदा बैराज में सरकार सिल्ट सफाई पर विचार करेगी अन्यथा शारदा बैराज के जल भराव क्षेत्र की प्रभावित जनता को अन्यत्र पुनर्वासित करने पर विचार करेगी ? | शारदा बैराज के अपस्ट्रीम में दोनों अफलक्स बाँध के मध्य डूब क्षेत्र में मानसून अवधि में ही कुछ दिनों के लिए जब नदी का डिस्चार्ज बढ़ता है तो बाढ़/जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। नदी में डिस्चार्ज कम होने पर पुनः नदी अपने बेड में चली जाती है तथा जनजीवन सामान्य हो जाता है। |

**स्वतंत्र देव सिंह**
**मंत्री**
**जल शक्ति विभाग,**
**उत्तर प्रदेश।**